Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 07-12-2021 | अंक 77

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### सूचना

बरही प्राइवेट आईटीआई में 12 दिसम्बर तक वैसे बच्चे जो फीटर में नामांकन करवाना चाहते है। वैसे बच्चो के लिए फिटर में भारी छूट है। मात्र 25000 में फीटर कम्पलीट कराया जा रहा है। वैसे बच्चे जो SC,ST,OBC के अन्तर्गत आते है। उन बच्चों को कल्याण विभाग की और से 18000 की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी।

बरही प्रा. आई.टी.आई.
Reg. DGT-6/34/1/2017-TC
भारत सरकार के (NCVT) द्वारा मान्यता प्राप्त
- ST, SC, OBC के छात्र एवं छात्राओं को कल्यान विभाग के द्वारा छात्रवृति की सुविधा
- योग्य शिक्षकों के द्वारा पठन-पाठन की व्यवस्था
- बैंक, रेलवे एवं कम्पटीशन की तैयारी की व्यवस्था
ट्रेड- फीटर एवं इलेक्ट्रिशियन
SESSION 2021-2023
Hurry Up Seats are Limited
Admission Open
Contact: 8877775001 9431362225
पता- गया रोड बरही, नियर रेलवे ओवर ब्रीज

## गया रोड स्थित नजाम मार्केट के सामने से बाइक की चोरी

**अपेम लाइव : बरही**

बरही में इनदिनों बाइक चोर पूरी तरह सक्रिय हो गए है। हाल ही दिनों में बाइक चोरी के कई मामले सामने आए है। बरही गया रोड में स्थित नजाम मार्केट के सामने से लस्करी निवासी सरफराज अहमद की बाइक चोरी का मामला सामने आया है। सुपर स्पलेंडर बाइक संख्या JH02AM-9161 है। जानकारी देते हुए सरफराज अहमद ने बताया कि प्रत्येक दिन की भाँति में 10 बजे अपना दुकान आया, ओर दुकान के बाहर अपना बाइक खड़ा किया। वहीं जब मैं दोपहर को 1 बजे अपनी दुकान के बाहर आया तो देखा कि बाइक वहाँ से गायब है। इधर उधर काफी ढूंढने के बाद भी नही मिला। उन्होंने बरही थाना में बाइक चोरी को लेकर आवेदन दिया है।

## आपसी विवाद में हुई मारपीट मे युवती घायल, रेफर

बरही बूढ़ीडीह में आपसी विवाद में हुई मारपीट में पूर्णिमा कुमारी उम्र 16 वर्ष पिता बालदेव यादव गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में उनके परिजनों ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।

## आपदा राहत कोष से प्रत्येक पंचायत में आये दस-दस आवास के माध्यम से बने बेघरों का घर : मो कयूम



बरही पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि मो कयूम ने प्रेस बयान जारी करते हुए बताया कि आपदा राहत कोष के माध्यम से बरही प्रखंड के 20 पंचायत को दस दस आवास आवंटन करवाया गया है। जिसका लाभ पंचायत के वैसे लोगो को मिलना चाहिए जो बिल्कुल बेघर है। आंधी तूफान एवं बारिशों के कारण जिनका आवास गिर चुका है एवं वे अपना सर छुपाने के लिए सरकारी विद्यालय, पंचायत भवन या किसी अन्य खाली पड़े भवन का प्रयोग कर रहे है। इस आवास का लाभ वैसे ही लोगों को तत्काल दिया जाए। अगर आपदा में प्रभावित लोगों को जल्दी से आवास नही दिया गया तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

# झारखण्ड राज्य वाणिज्य कर विभाग ने सेमिनार आयोजित कर दी झारखण्ड पेशा कर, पंजीयन एवं इनॉर्लमेंट की जानकारी

## 5 लाख से अधिक वार्षिक सकल आवर्त वाले व्यवसायी पेशा कर के दायरे में आते हैं: अवधेश कु0 मेहता

**अपेम लाइव : बरही**

झारखण्ड वाणिज्य कर विभाग हज़ारीबाग़ अंचल की ओर से हज़ारीबाग़ रोड स्थित शंकुतला पैलेस में झारखण्ड पेशा कर को लेकर एक दिवसीय सेमिनार सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में मुख्य रूप से राज्य वाणिज्य कर उपायुक्त अवधेश कुमार मेहता, वाणिज्य कर पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी पृथ्वी लाल रॉय, सुमित मिश्रा डेटा इंट्री ऑपरेटर तथा गया रोड बरही में संचालित जेबीआर टैक्स कंसल्टेंट (JBR TAX CONSULTANT)राजेन्द्र कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। इस जागरूकता कार्यक्रम में बरही के व्यवसायी शामिल रहे। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य वाणिज्य कर उपायुक्त अवधेश कुमार मेहता ने कहा कि अधिसूचना संख्या 31, दिनांक 19 जून, 2020 झारखंड सरकार के द्वारा झारखंड वृत्तियों, व्यापारों, आजीविकाओं और रोजगारों पर कर अधिनियम, 2011 (प्रोफेशनल टैक्स /पेशा कर) की अनुसूची में संशोधन करते हुए दिनांक 01 जुलाई 2017 के प्रभाव से जीएसटी के अंतर्गत निबंधित या निबंधन योग्य अथवा अनिबंधित या नि. बंधन योग्य नहीं, परंतु जिनका वार्षिक सकल आवर्त यानि वार्षिक टर्न ओवर 05 लाख से अधिक हो, उन सभी को पेशा कर के दायरे में लाया गया है। श्री मेहता ने बताया कि वाणिज्य- कर विभाग, झारखंड सरकार द्वारा इसके लिए एकल फॉर्म जेपीटी 01 बनाया गया है। जिससे कि एक ही समय में रजिस्ट्रेशन एवं इनरोलमेंट किया जा सकता है तथा रजिस्ट्रेशन का अप्रूवल होते ही प्रोफेशनल टैक्स यानी पेशा कर का भुगतान भी किया जा सकता है। व्यवसायियों के सुविधा के लिए इसके साथ ही एकल फॉर्म जेपीटी 04 बनाया गया है। जिसमें पेमेंट रिसिप्ट के आधार पर रिटर्न्स भी ऑटो जेनेरेट होता है। नोडल पदाधिकारी पृथ्वी लाल रॉय,ने सभी कर दाताओं से आग्रह किया कि वे शीघ्रताशीघ्र वाणिज्य कर विभाग के वेबसाइट पर उपरोक्त अधिनियम के अधीन ऑनलाइन आवेदन समर्पित करे। इसके लिए एक पासपोर्ट साइज का फोटो, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर, एड्रेस प्रूफ, आधार और पैन कार्ड की ही जरूरत होती है। डाटा एंट्री मैनेजर सुमित मिश्रा ने कहा कि पेशा कर का भुगतान नहीं करने की स्थिति में ब्याज सहित कर वसूल किए जाने का प्रावधान है। वाणिज्य कर उपायुक्त श्री मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस संबंध में कार्यालय, राज्य कर उपायुक्त, हज़ारीबाग़ अंचल में दिनांक 01 दिसम्बर 2021 से 15 दिसम्बर 2021 तक रजिस्ट्रेशन और इनॉर्लमेंट से संबंधित सुविधा केन्द्र भी बनाया गया है। निर्धारित समय के अंदर रजिस्ट्रेशन नही करने वालों पर सख्ती से वसूलने हेतु करदाताओं के खिलाफ एक्शन लिया जा सकता है। सेमिनार में राजेंद्र कुमार, विजय कुमार वर्मा, विजय प्रसाद, परमेश्वर प्रसाद केशरी, बिनोद कुमार, अनुज कुमार, दुर्गा प्रसाद, सूरज प्रसाद, सुरेश प्रसाद, मनोज केशरी, बाल्मीकि प्रसाद, धर्मेंद्र प्रसाद, विजय साव, राजेन्द्र कुमार आदि लोग मौजूद थे।



सेमीनार में मौजूद वाणिज्य कर से जुडे अधिकारी एवं बरही के व्यवसायीगण

अधिक जानकारी के लिए संपर्क सुत्र
JBR TAXCON
M. 9015919169

# सेना और सैनिक देश का गौरव है , इनका सम्मान बढ़ाना हम सभी का दायित्व : ए के सिंह

## आर्म्ड फोर्सेस फ्लैग डे के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**



डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में आर्म्ड फोर्सेस फ्लैग डे बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा षष्ठ से लेकर एकादश वर्ग में स्लोगन लिखने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम की देखरेख अनिल कुमार के द्वारा की गई। छायांकन का जिम्मा ललन यादव के द्वारा निभाई गई। वहीं सीसीए इंचार्ज राजेश सिन्हा के निर्देशन इंटर हाउस स्लोगन लिखने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें विवेकानंद , हंसराज, दयानंद और एनडी ग्रोवर हाउस के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ।इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एनडी ग्रोवर हाउस के सृष्टि श्रेया क्लास छठा सी, दूसरा स्थान हंसराज हाउस के इशिका स्पर्धा क्लास अष्टम सी और तृतीय स्थान विवेकानंद हाउस के निधि केशरी क्लास सप्तम बी और दयानंद हाउस के तनु कुमारी कक्षा सप्तम ए ने प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया ।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि हमें अपने देश की सेना और सैनिक पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने बताया कि आर्म्ड फोर्सेस फ्लैग डे हर साल 7 दिसंबर को मनाया जाता है ।जिस की शुरुआत 1949 से की गई थी। दिवस का महत्व इसलिए भी है कि इस दिन पूरे भारत के लोगों से धन के योगदान को एकत्रित कर आर्म्ड फोर्सेस के कल्याण के लिए दिया जाता है। यह दिवस उन सैनिकों के सम्मान के लिए भी याद किया जाता है जिन्होंने अपनी वीरता से सीमाओं पर और देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपना बलिदान दे दिया। भारत सरकार ने आर्म्ड फोर्सेस फ्लैग डेवलपमेंट फंड की स्थापना की है जिसके अंतर्गत शहीद सैनिकों के परिवार के साथ-साथ सभी सैनिकों के कल्याण और पुनर्वास की योजना के लिए धन प्रदान किए जाते हैं। प्राचार्य ने बच्चों से कहा की वे भी आगे चलकर देश का मान बढ़ाएंगे। हमें अपने देश के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते रहना होगा। जिस प्रकार सैनिक अपने जीवन का बलिदान देकर देश की रक्षा करते हैं, हमें भी उन सैनिकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए उनकी और उनके परिवार के प्रति अपना योगदान देते रहना होगा। इस तरह हम अपने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी ठीक ढंग से निभा पायेंगे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय ने कहा कि सेना और सैनिक हमारी लिए बड़े महत्वपूर्ण है। अतः हमें उनके प्रति अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहना होगा। इसके लिए हमें तन-मन धन हर प्रकार से उनकी सहायता करने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए ।इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी हाउस मास्टर रेखा सिंह, रमेश कुमार ,अमित चतुर्वेदी और ममता सिंह ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गों एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## रेन्बो स्कूल बरही में आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे में किया 4766 की राशि जमा

### सशस्त्र बलों के वीरों का बलिदान, समर्पण व उनकी कर्मठता हम सभी के लिए महान प्रेरणा : सिकंदर प्रसाद कुशवाहा

अपेम लाइवः बरही



सिकन्दर प्र0 कुशवाहा



कार्यक्रम मे उपस्थित बच्चे, शिक्षक व शिक्षिकाएँ

रेन्बो स्कूल बरही में आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने जय हिंद और वंदे मातरम के नारों के साथ कक्षा छः से नवम वर्ग के छात्र, छात्राओं ने स्वेच्छापूर्वक बारी बारी से दान किया। कार्यक्रम के माध्यम से किए गए धन संग्रह रु 4766 को उसको 'आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे फंड में डाल दिया गया। इस अवसर पर निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि इसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र सेना के कर्मियों के कल्याण के लिए फंड जुटाना और उनके परिवार के भलाई में इसका खर्च किया जाना है। ये दिन हमें इस बात का भी ध्यान दिलाता है कि सीमा पर मुश्किल हालातों में डटे जवानों के परिजनों के लिए हम भी कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। सशस्त्र बलों के वीरों का बलिदान, समर्पण व उनकी कर्मठता हम सभी के लिए महान प्रेरणा है। इस दौरान धीरज कुमार, रूपेश कुमार, आलोक कुंमार, एहसान, निशि कुंमारी, सिंधु कुंमारी, राहुल कुंमार, संदीप कुमार, विकास कुमार, रानी कुंमारी, काजल कुंमारी, सोनम कुंमारी, बिपिन कुमार, विवेक कुमार , प्रिंस कुमार, आलोक कुमार, सुधीर कुमार, विकाश कुमार, आयुष प्रसास कुशवाहा, राजू कुमार, सिंधु कुंमारी आदि ने डोनेशन ब०क्स में अपना सहयोग दिया। मौके पर शिक्षको में गौरीशंकर, शुभम कुमार, राहुल सिंह, प्रवीण कुमार, खुशबू सिंह, पवन कुमार, स्वेता कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, रिंकी कुमारी, रानो कुमारी, सरिता कुमारी, सुधा कुमारी, महेंद्र प्रसाद, उषा कुमारी, सरिता कुंमारी, पूजा कुमारी आदि ने अपना सहयोग दिया।

## पंचमाधव में "आपके अधिकार-आपकी सरकार, आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

### शिक्षा, स्वास्थ्य ,पीडीएस सहित दर्जनों स्टॉल लगाकर दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी

अपेम लाइव : बरही




मंच पर उपस्थित विधीयक व अन्य



कार्यक्रम मे उपस्थित लोग

झारखण्ड सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर हजारीबाग जिले के सभी पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पंचमाधव पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विधायक उमा शंकर, सीओ अर. विन्द देवाशीष टोप्पो, मुखिया सह प्रधान हरेंद्र गोप, कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मनान वारसी, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, समाजसेवी मो तौकिर, बासुदेव यादव, रघुनंदन यादव, मनोहर यादव, मो रुस्तम, ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडीएस, सामाजिक सुरक्षा पेशन, मत्स्य विभाग, कृषि एवं श्रम विभाग का स्टॉल लगाया गया। मौके पर आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना संबंधी आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। साथ ही आमजनों की समस्याओं व शिकायतों का निराकरण भी किया गया। इस शिविर में स्थानीय जनमानस से योग्य लाभूक के आधार पर राशनकार्ड, जॉब कार्ड, पेंशन, विभिन्न प्रमाण-पत्रों, मनरेगा, केसीसी, श्रम निबंधन, विद्युत, 15वें वित्त, स्कॉलरशिप, दाखिल- खारिज, वनाधिकार सहित अन्यान्य आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन किए गए। साथ ही इन शिविरों में पहुंचने वाले स्थानीय ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचा. लित जनोपयोगी एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं की विस्तृत जानकारी पोस्टर, पम्फलेट, बैनर व ऑडियो-विडियो के माध्यम से जानकारी दी गई ताकि वे इन योजनाओं के बारे में जान सके और स्व. रोजगार कर मुख्यधारा से जुड़ते हुए बेहतर जीविकोपार्जन कर सकें। वहीं शिविर में स्वास्थ्य विभाग के तरफ जांच स्टॉल लगाकर शिविर में आये ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी गई। मोके पर मो रिजवान, अनुज यादव, बासुदेव रजक, मो मकबूल, मो जाबिर, मो इद्रीश, रिंकी देवी एवं सोनी देवी मौजूद थे।

### आज का प्ंचाङ्ग----


आज का अंग्रेजी दिनांक :---08.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---शुक्ल पक्ष
तिथि :---पंचमी तिथि
दिन :---बुधवार
नक्षत्ररू---श्रवण नक्षत्र
योग :---ध्रुव
करण :---का
सूर्योदय :---प्रातः 06:46
सूर्यास्त : संध्या 05:14
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---मकर राशि में
आज का राहूकाल दिन :---12:00 बजे से दिन :---01:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खासः---आज रामविवाहोत्सव का पर्व होगा।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

9122222016 बिरेन्द्र कुमार
महालक्ष्मी फर्नीचर
जो सजाए आपके सपनों का घर...
डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।
सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन


ATM
ग्राहक सेवा केन्द्र
स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## जिला अभियंता के आदेश को धत्ता बताकर घटिया बालू से संवेदक बना रहा है पुल

### कान्हाचट्टी प्रखण्ड के बड़की नदी निर्माणाधीन पुल में घटिया सामग्री के शिकायत पर कार्य स्थल पर पहुंचे बी डी ओ और जे ई



इसी नदी पर बनाया जा रहा है पुल

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



निरिक्षन करते बीडीओ एंव जेई

कान्हाचट्टी प्रखण्ड के कान्हाचट्टी बाजार से पांडेमहुआ जाने वाली सड़क में पड़ने वाली बड़की नदी पर 42 लाख रुपये की लागत से हो रहे पुल मरम्मत कार्य मे घटिया सामग्री का इस्तेमाल की शिकायत मिली थी।जिसके आलोक में उपायुक्त के निर्देश पर कान्हाचट्टी बी डी ओ सह सी ओ हुलास महतो एवं जिला परिषद के कनीय अभियंता अनिल कुमार ने कार्य स्थल का जांच किया।और कार्य स्थल पर गिराया गया घटिया बालू को अविलम्ब हटाने का निर्देश दिया।बताते चलें कि पहले भी संवेदक के द्वारा घटिया बालू जिसमे मिट्टी युक्त था उसे जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता ने कार्य स्थल से हटाने का निर्देश दिया था बावजूद संवेदक अधिकारियों के आदेश को धत्ता बताते हुए मिट्टी युक्त बालू लगातार लगाया जा रहा था।बी डी ओ श्री महतो ने कार्यस्थल से घटिया बालू हटाने एवं निर्माण को गुणवत्ता पूर्ण नहीं किये जाने पर उपायुक्त को लिखित शिकायत की बात कहि।उन्होंने कहा कि मानक के अनुरूप काम नहीं किए जाए पर संवेदक के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।जे ई अनिल कुमार ने कहा कि पूर्व में ही संवेदक को ग्रामीणों की शिकायत पर घटिया बालू हटाने का निद. `श दिया जा चुका था।वही यदि कार्य मे घटिया इस्तेमाल हुआ तो बिल भी काट दिया जाएगा।मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## आजसू जिला उपाध्यक्ष डॉ त्रिभुवन चंद्रवंशी की छत से गिरकर मौत

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



डॉ त्रिभुवन चंद्रवंशी (फाइल फोटो)

विष्णुगढ़ के पूर्व बीस सूत्री सदस्य सह आजसू के जिला उपाध्यक्ष डॉ त्रिभुवन चंद्रवंशी की मौत मंगलवार को छत से गिरकर हो गई। बताया जाता है कि सुबह उठकर वे जमुनियां डैम स्थित निजी विद्यालय की छत पर टहल रहे थे। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने की वजह से दो मंजिला छत से नीचे आ गिरे। घटनास्थल पर हीं उनकी मौत हो गई। वे अपने पीछे पारा शिक्षिका पत्नी, एक पुत्र व दो पुत्री छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में काफी गमगीन माहौल में किया गया। वे प्रत्येक सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेते थे। होमियोपैथ चिकित्सा में भी उनकी अच्छी पैठ थी। आजसू मांडू विस प्रभारी तिवारी महतो ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। कहा है कि उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। इसकी भारपाई असंभव है। आजसू पार्टी इनके परि. जनों के साथ हमेशा खड़ी रहेगी। उनके निधन पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय मंडल, प्रमुख अशोक गुप्ता, लीलो महतो, रामेश्वर महतो, रंजीत गुप्ता, राजू श्रीवास्तव, मुखिया अशोक कुमार, दीपू अकेला, मधुसूदन प्रसाद, महादेव देहाती, गौतम वर्मा, सुधीर कुमार, नवलकिशोर वर्मा समेत बड़ी संख्या में लोगों ने शोक जताया है।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण प्रखण्ड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### प्रखण्ड प्रमुख बीडीओ एवं बीपीओ ने किक मारकर किया मैच का शुभाराम्भ



**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



झाखण्ड सरकार के निर्देश पर मंगलवार को प्रखंड के रामनगर उच्च विद्यालय के स्टेडियम में मुख्य मंत्री आमंत्रण फुटब०ल प्रतियो. गिता का शुभाराम्भ प्रमुख रुणा देवी,बी डी ओ हुलास महतो एवं बी पी ओ निर. जंन सिंह ने किक मार कर एवं खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया।शुभाराम्भ के पूर्व मुख्य अतिथियो को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।ओपनिंग मैच जमरी बक्सपुरा बनाम कोल्हैया के बिच खेला गया जिसमें कोल्हैया पंचायत की टीम ने जमरी को दो जीरो से शिकस्त दे कर मैच को अपने पक्ष में कर लिया।वही दूसरा मैच बेंगो. कला पंचायत एवं राजपुर के बीच खेला जाना था लेकिन राजपुर पंचायत के टीम नही पहुंचने के कारण बेंगोकला को वाक ओवर दिया गया।मौके पर उप. स्थित खिलाड़ियों को सम्बो. धित करते हुए प्रमुख रुणा देवी ने कही की खिलाड़ियों के प्रतिभा को निखारने का अच्छा अवसर है।बी डी ओ हुलास महतो ने कहा कि जो प्रखण्ड स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे वे जिला और फिर राज्य स्तर तक खेल कर अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं। गुरुवार को इस मैच का फाइनल मैच खेला जाएगा।मौके पर रामनगर उच्च विद्यालय के शिक्षक सन्दीप कुमार सिंह,मुखिया पति सुरेश यादव,शिव कुमार जे ई,नवीन तिर्की,मुरली राम,मुनेश तिर्की,यदुनंदन राम,रेफरी पप्पू सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## उरवां में जे.जे. कॉलेज बीएड प्रशिक्षुओं ने चित्रकला प्रतियोगिता का किया आयोजन

### प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत

**अपेम लाइवः चँदवारा**
**धीरज कुमार**




प्रखंड के उत्क्रमित हाई स्कूल उरवां में जे.जे. कॉलेज सत्र 2020-22 के बीएड प्रशिक्षुओं ने चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रधानाचार्य अजय कुमार एवं बीएड व्याख्याता सह पर्यवेक्षक गणेश कुमार से अनुमति प्राप्त कर प्रतियो. गिता को सफल बनाया गया। प्रतियोगिता मे कक्षा 6,7,8 एवं 9 के छात्र एवं छात्रओं ने भाग लिया। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने बीएड प्रशिक्षुयों को प्रतियोगिता आयोजन करने में मार्गदर्शित किये। प्रतियो. गिता में कुल 66 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के आयोजन करने मे बीएड व्याख्याता सह पर्यवेक्षक गणेश कुमार द्वारा प्रशिक्षुयों को प्रतियोगिता आयोजन करने हेतु प्रेरित एवं मार्गद. र्शित किये। कार्यक्रम में बीएड प्रशिक्षु विक्रम कुमार रजक, गोविंद कुमार, अनुज भास्कर, मुकेश कुमार यादव, कोकिल कुमार, दिनेश राम , पवन कुमार सिंह , अनूप कुमार सिंह ,रीना कुमारी, प्रियंका कुमारी, शाहनवाज़ अंसारी, नगमा अंदलीब, अरसी शाजिया, जयदेव कुम्भकार आदि मौजूद थे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार   सहयोगीः सोनू पंडित,   एडिटिंग- धनंजय कुमार   मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## सैनिक स्कूल प्राचार्य के खिलाफ मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना सातवें दिन भी जारी, विरोध में कैंडल मार्च निकाला

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



सैनिक प्राचार्य के खिलाफ कैंडल मार्च निकालते लोग

सैनिक स्कूल प्राचार्य के खिलाफ मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना सातवें दिन भी जारी रहा। ज्ञात हो कि आठ सूत्री मांगों को लेकर सैनिक स्कूल में कार्यरत मजदूरों ने पिछले एक सप्ताह से सैनिक स्कूल गेट के समीप धरना पर बैठे हैं। इनकी मांगो को समर्थन देने व प्राचार्य के विरोध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने एक विशाल कैंडल मार्च निकाला। जो धमराय ऊपर मोड होते हुए डीवीसी बाजार में खत्म होकर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता प्रो. परमेश्वर यादव और संचालन युवा नेता सुधाकर यादव ने किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि सैनिक स्कूल प्राचार्य के हठधर्मिता के कारण मजदूरों की समस्या का समधान नहीं हो पा रहा है। जिसके विरुद्ध सैनिक स्कूल प्राचार्य के खिलाफ दिनांक 13 दिसम्बर को विशाल जन सभा का आयोजन किया जाएगा। नुक्कड़ सभा के माध्यम से आम आवाम से सहयोग की अपेक्षा की गई। मौके पर जिप सदस्य महादेव राम, महिला नेत्री मीणा देवी, विधायक प्रतिनिधि सरजू वर्मा, सांसद प्रतिनिधि रामलखन यादव सांसद प्रतिनिधि मनोज साव, झामुमो नेता श्यामदेव यादव, युवा नेता कृष्णा यादव, बड़की धामाराय पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि किशोर यादव, पंचायत समिति सदस्य महेश वर्मा, कांटी मुखिया रमेश प्रसाद, मुखिया टेकलाल यादव, झामुमो नेता अनिल वर्णवाल, नन्हू यादव, विकास कुमार दास, सन्नी यादव, संतोष यादव, संघ के अध्यक्ष जग्रनाथ सोनकर, सचिव गोपाल रजक, कोषाध्यक्ष संजय कुमार दास, उदय राणा, राजेश राणा, प्रकाश यादव आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट के बालिका वर्ग में भेलवारा विजेता

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



फुटबॉल टूर्नामेंट बालिका वर्ग में विजेता रही भेलवारा की टीम

मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन मंगलवार को बालिका वर्ग का मुकाबला भेलवारा बनाम बेड़ा हरियारा पंचायत की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक एवं संघर्षपूर्ण मुकाबले में अंतिम समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रही। रेफरी के निर्देश पर पेनाल्टी शूटआउट से परिणाम की घोषणा की गई। जिसमें भेलवारा की टीम 4–3 से विजेता बनी। बालिका वर्ग की भेलवारा टीम के विजयी होने पर पंचायत प्रधान तारा देवी तथा भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य संतोष कुमार ने विजेता खिलाडियो को जर्सी सेट देकर हौसला आफजाई की। कहा कि सरकार की ओर से कई तरह के खेल के आयोजन किये जा रहे हैं। इससे ग्रामीण इलाके के खिलाड़ियों में प्रतिभा निखरती है। मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटब०ल टूर्नामेंट के सफल प्रतिभागी को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा। प्रतिभा विकास मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष महेन्द्र कुमार ने खिलाड़ियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए इसे लाभदायक बताया। टूर्नामेंट में मंगलवार को चानो बनाम गोविन्दपुर, भेलवारा बनाम नवादा, विष्णुगढ़ बनाम बनासो, चेडरा बनाम बरांय, कुसुंभा बनाम जोबर की टीमों के बीच मैच खेला गया। बुधवार को विजेता टीमों के बीच प्री क्वाटर फाइनल मैच खेला जाएगा। मौके मुखिया मुनीलाल महतो, अजय मंडल, थानेश्वर महतो, खु. बलाल भारती, खुबलाल महतो, मनोज कुमार, अभिनन्दन कुमार, राजू रवानी, रमेश मरांडी, झमन महतो, भुनेश्वर कुमार, सुधीर राम, अनुप कसेरा, बीपीएम कुणाल कुमार,






## लाभुकों की समस्याओं का किया गया त्वरित निष्पादन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विष्णुगढ़ पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। बीडीओ संजय कुमार कोंगाड़ी, सीओ रामबालक कुमार, कार्यकारी जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल, प्रधान संजय प्रसाद, उपप्रधान बहादुर कसेरा, कार्यकारी पंसस सोनी देवी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में लाभुकों के कुल 1395 मामले आए। जिसमें 491 की तत्काल स्वीकृति दी गई। शिविर में विभागवार अलग-अलग स्ट०ल बनाए गए थे। जिसमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कृषि विभाग, जनवितरण, प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, जेएसएलपीएस, राजस्व, शिक्षा, मत्स्य, बाल विकास परियोजना, कल्याण, विद्युत, कृषि एवं पशुपालन, कौशल विकास, ई-श्रम, स्वास्थ्य समेत कई विभाग शामिल हुए। बीडीओ ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए आम लोगों को इसका लाभ उठाने की बात कही। शिविर में नया राशन कार्ड निर्गत हेतु 43, पीएम आवास के 340, स्वास्थ्य जांच में 117, कोविड टीकाकरण 110, मुख्यमंत्री सुकन्या योजना छह, केसीसी ऋण के 15 समेत राष्ट्रीय पेंशन योजना के कई आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए। जिसका तत्काल ऑनलाइन करने का निर्देश अधिक. ारियों ने दिया। मौके पर नाजिर विजय कुमार, रीना बर्मन, दशरथ राय, गुरू प्रसाद साव समेत कई लोग मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मिलकर स्थानीय लोगों को नौकरी दिलाने की मांग की

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



श्रम मंत्री से मुलाकात करते ग्रामीण

बड़कागांव के ग्रामीणों ने एनटीपीसी से प्रभावित क्षेत्रों में बेरोजगारो की समस्या को लेकर झारखंड राज्य सरकार के श्रम एवं नियोजन विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मिलकर क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया। कुछ दिनों से खनन क्षेत्र में कन्वेयर बेल्ट चालू होने से संबंधित बात मामले को लेकर श्रम मंत्री को अवगत कराया गया । जिसमें ग्रामीणों ने स्थानीय लोगों को कंपनी में नौकरी दिलाने की मांग की है ग्रामीणों ने श्रम मंत्री से शिकायत किया कि कंपनी बाहरी लोगों को नौकरी दे रही है। मौके पर मुख्य रूप से उप प्रमुख राम प्रसाद महतो, जिला उपाध्यक्ष कजरू साव, व्यापार एवं उद्योग प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष राजेश गुप्ता ,समाजसेवी सोनू इराकी,, आशा देवी एवं अन्य शामिल थे

## प्रखण्ड सभागार में जल जीवन मिशन कार्यक्रम आयोजन

**अपेम न्यूज : चुरचू**
**अरविन्द टुडू**



कार्यक्रम मे उपस्थित लोग

चुरचू प्रखण्ड सभागार में सपोर्ट संस्था और सिनी टाटा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में जल जीवन मिशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पानी की समास्याएं को लेकर चर्चा की गई, साथ ही सरकार व विभाग को सहयोग कर मॉडल के रूप में चुरचू प्रखण्ड बनाने का बात कहा गया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक अभियंता, जल जीवन व स्वक्षता मिशन हजारीबाग मनोज कुमार मुंडारी और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चुरचू उपस्थित हुए, साथ ही उन्होंने कहा कि जल व अन्य समास्याओं को लेकर हर संभव मदद किया जाएगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य अग्नेशिया सांडी पुर्ती, चुरचू प्रमुख, उप प्रमुख चौलेशवर महतो, शंकर गुप्ता सहित सभी आठो पंचायत के मुखिया व जल सहिया उपस्थित थे।

## करणपुरा खनन विस्थापित विकास समिति क्रिकेट टूर्नामेंट पर छवनिया का कब्जा

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते थाना प्रभारी मनीलाल सिंह

बड़कागांव : प्रखंड के बड़कागांव चेपाखुर्द के खोरहा खेल मैदान में करणपुरा खनन विस्थापित विकास समिति क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला तूफान 11 छवनिया बनाम आयत फाइटर्स 11 पेटो के बीच खेला गया। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि डाडी कला के सहायक थाना प्रभारी मणिलाल सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पश्चिमी क्षेत्र के भावी जिला परिषद उम्मीदवार पंकज कुमार उप. स्थित थे। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया था जिसमें छवनिया एवं पेटो फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में पेटो की टीम ट०स जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए छवनिया के टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में मंजर अली के धुआंधार अर्धशतक की बदौलत 167 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। वहीं स्कोर का पीछा करते हुए पेटो की टीम 12 ओवर में 89 रन पर ढेर हो गई। 77 रनों के बड़े अंतर से छवनिया ने जीत हासिल कर टूर्नामेंट के खिताब पर कब्जा जमाया। सर्वश्रेष्ठ खेल के लिए अमर राणा को मैन अ०फ द मैच तथा पूरे सीरीज में उत्कृष्ट खेल के लिए थाना प्रभारी मणिलाल सिंह के द्वारा ₹1000 नगद पुरस्कार दिया गया। आयोजनकर्ताओं ने मेडल एवं ट्र०फी देकर सम्मानित किया। विजेता टीम छवनिया को 10,000 नगद एवं ट्रॉफी देकर मुख्य अतिथि मणिलाल सिंह ने सम्मानित किया, जबकि उपविजेता टीम को टूर्नामेंट के विशिष्ट अतिथि पंकज कुमार ने 51 सो रुपए नगद एवं ट्र०फी देकर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि मणिलाल सिंह ने कहा कि यह मैच काफी रा. ेमांचकारी था, ऐसा लग रहा था मानो कोई राज्य स्तरीय मैच देख रहा हूं। आगे सभी खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। विशिष्ट अतिथि पंकज कुमार ने संबोधन करते हुए कहा कि जिस प्रकार से खेल के प्रति बड़कागांव प्रखंड के लोगों में रूचि एवं निखार आई है उससे ऐसा लगता है कि हमारे प्रखंड से जिला स्तरीय से लेकर राज्य स्तरीय तक खेल में अपनी पहचान बना सकते हैं। मौके पर मुख्य रुप से राजेश रजक, नेमधारी राम,पत्रकार रितेश ठाकुर, सज्जाद राही, रियासत हसन, तफाजुल अंसारी, नसरुल्लाह मोइन अंसारी, मनोज विश्वकर्मा, पदुम साव, मोहम्मद जमाल अंसारी, मोहम्मद जब्बार, मसकुर आलम, नवलेश यादव, मोहम्मद शमीम,शिक्षक शेखर चौरसिया, आयोजन कर्ता तहजीब आलम,आमिर रजा, सोनू एजाज, विकी करमाली, सुरेंद्र राम, मोहम्मद अता. उल्लाह, मोहम्मद अफसर के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।









सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

# डीसी सर हमारे शिक्षको का प्रतिनियोजन रद्द कर दीजिए, पढ़ाई हो रहा बाधित

## पूर्व विधायक के साथ रामपुर प्लस दो उच्च विद्यालय कि छात्राओं ने डीसी से किया मुलाकात, सुनाई समस्या

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**


छात्रों से बातचित करते उपायुक्त व पुर्व विधायक

रामपुर प्लस दो उच्च विद्यालय के दर्जनों छात्राओं ने बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के उपस्थित में हजारीबाग उपायुक्त से मिलकर विद्यालय के समस्याओं से कराया अवगत। इस दौरान बच्चियो ने डीसी को लिखित आवेदन देकर रामपुर प्लस दो उच्च विद्यालय में पदस्थापित अंग्रेजी के शिक्षक अभिमन्यु कुमार यादव को इंद्रागाँधी बालिका विद्यालय हजारीबाग व भूलोग के शिक्षक संजय रविदास का प्रतिनियोजन कर दिया गया है। बच्चियो ने बताया कि 11 व 12 में कुल 425 बच्चे अध्ययनरत है ऐसे में अंग्रेजी व भूगोल के शिक्षक के प्रतिनियोजन से हम सबका पढ़ाई बाधित होगा। इधर पूर्व विधायक ने डीसी सर से अविलंब प्रतिनियोजन रद्द करने का आग्रह किया जिसपर त्वा. रित कार्यवाई करते हुए डीसी ने आरडीडीई सह डी. ईओ को आदेश दिया कि अविलंब प्रतिनीयोजन रद्द करते हुए शिक्षक को अपने मूल विद्यालय में योगदान देने को कहे। बालिकाओ ने हर्ष व्यक्त करते हुए इस पहल के लिए पूर्व विधायक व डीसी से के प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरन विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष रणवीर कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष गजाधर प्रसाद, भाजपा नेता अरविंद साव, छात्राओं में। 11वी मरियम खातून, कृपा कुमारी, रिंकी कुमारी, प्रियंका कुमारी, सना कौसर, रोजी नमाज़ी, कुमारी दीपमाला, कुमारी दीपसीखा, अमीषा कुमारी, मेघा कुमारी, कंचन कुमारी, रिया कुमारी ,सोनी कुमारी आदि उपस्थित थी।

# एनटीपीसी ने कोयला खनन दिवस मनाया

## पौधारोपण कर कहा पेड़-पौधे मनुष्य जीवन के लिए अतिआवश्यक है : एम वी आर रेड्डी



पौधारोपण में शामिल अतिथि

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


कोयला खनन दिवस के दौरान केक काटते कार्यकारी निदेशक एमवीआर रेडी

एनटीपीसी कोल खनन परियोजना ने कोयला खनन दिवस के मौके पर कार्यकारी निदेशक एम वी आर रेड्डी ने सिकरी साइड कार्यालय में सभी विभागाध्यक्षों के साथ मिलकर केक काटा एवं अपने सम्बोधन में सभी कर्मचारियों से खनन कार्य में सहयोग की भावना के साथ काम करते हुयें, सुरक्षा के सभी मानदंडों को अपनाते हुयें कोयला उत्पादन के लक्ष्यों को प्राप्त करने का आग्रह किया। कोयला खनन के साथ साथ पर्यावरण के प्रति भी एनटीपीसी हमेशा से सजग रहती है। इस आशय से सभी कर्मचारियों द्वारा इस अवसर पर पौधरोपण किया गया।श्री रेड्डी ने वृक्षों का महत्व बताते हुयें उन्होने अपने सम्बोधन में कहा कि वृक्ष हमारे जीवन में पर्यावरण को संतुलित करने में बड़ी भूमिका निभाते हैं तथा पर्यावरण संरक्षण में अति आवश्यक सिद्ध होती है। इससे समाज में खुशहाली, समृद्धि और आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण मिलता है। इस अभियान में सभी का भागीदारी आवश्यक है। पकरी बरवाडीह परियोजना द्वारा 11नवम्बर 2021 को 8000 रैक कोयला एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं में भेजा गया। वहीं मंगलवार 7 दि. सम्बर 2021 तक 8180 रैक कोयला भेजा जा चुका है। एनटीपीसी के द्वारा कोयला खनन की प्रस्तावना 17 मई 2016 को रखी गई थी। एनटीपीसी की कोयला खनन परियोजना का मुख्य कार्यालय रांची में स्थित है। एनटीपीसी की पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना से 7 दिसंबर 2016 में कोयला खनन शुरू किया गया था। 16 फरवरी 2017 को पहली रैक से कोयला एनटीपीसी की परियोजनाओं को भेजा गया था।

# सांसद का प्रयास : अक्षय पात्रा संस्था ने किया अनाज किट का वितरण

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**


अनाज किट का वितरन करते जनप्रतिनिधि

प्रखण्ड के डेबो पंचायत भवन में सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से स्वयंसेवी संस्था अक्षय पात्रा के द्वारा भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुरेश कुमार साव के नेतृत्व में 60 असहाय व निर्धन महिलाओं के बीच लगभग 14 किलो अनाज कीट का वितरण किया गया। अनाज कीट में चावल, दाल चना, चीनी, तेल, साबुन, सोयाबीन तेल, सुजी इत्यादि सामग्री दी गई। कार्यक्रम में अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि सीताराम साहू, सांसद प्रतिनिधि रा. जेंद्र चंद्रवंशी, सुनील कुमार सिंह ,मुखिया सह प्रधान मोहन साव , मंडल महामंत्री बालेश्वर साहू, मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, मंडल मंत्री प्रवीण सिंह, सुभाष राणा, वरिष्ठ कार्यकर्ता भरत शर्मा, गिरजा साव ,सुधीर कौशल, राकेश सिंह , सहदेव गिरी ,माधुरी देवी समेत दर्जनों भाजपाई उपस्थित थे।

# कुशमई पंचायत में आयोजित की गई आपके अधिकार, आपके द्वार कार्यक्रम

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**


उपस्थित बिरनी अधिकारी

बिरनी प्रखंड अंतर्गत कुशमई पंचायत भवन में मंगलवार को आपके अधिकार ,आपकी सरकार ,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड विकास पदा. धिकारी सुनील कुमार वर्मा एवं मुखिया सह ग्राम प्रधान मुनेजा खातुन मुखिया प्रतिनिधि रियासत अंसारी ने महात्मा गांधी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास,श्रमिक योजना,ई पोर्टल पर निबंधन, खाद्य सुरक्षा, पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा, जलापूर्ति योजना,जमीन संबंधित समस्या, किसान क्रेडिट कार्ड,जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड समेत कई योजनाओं के लिए ग्रामीणों ने सैकड़ों आवेदन दिए उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे अंचलाधिकारी अशोक राम ने गर्भवती महिलाओं का गोद भराई कराया इस कार्यक्रम में पशु चिकित्सक डॉक्टर नीरज कुमार, कर्मच. ारी सौरभ झा, मुबारक अंसारी, मोईन अंसारी, वार्ड सदस्य मुस्लिम अंसारी, जाकिर अंसारी, वार्ड सदस्य अजीत राम, महेंद्र, सुफिया खातुन, सिराज, पंचायत समिति सदस्य भगिया देवी, रामदेव यादव, सदर जमरुद्दीन समेत काफी संख्या में अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

Rajendra Kumar
B.Com (H) M.Com, CA-Final
Contact: 9015919169
Email: jbrtaxcon@gmail.com
JBR
JBR TAX CONSULTANT
JBR TAX CONSULTANT
ASSOCIATES WITH CHARTERED ACCOUNTANT
INCOME TAX | G.S.T. | ACCOUNTING
VARIOUS TYPE OF COMPANY REGISTRATION
Address: Office At Shubham Complex, Beside UCO Bank, Gaya Road, Barhi, - 825405

# पीड़ित परिवार से मिलने पहुँचे विधायक विनोद सिंह

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बगोदर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक विनोद कुमार सिंह पीडित ग्राम पेशम में बिजली करेंट से मौत तथा घायलों के पीड़ित परिवार से मिले एवं ढाढस बंधाया। बता दें कि दिनांक 23/11/2021 को बिरनी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पेशम हरिजन टोला के रीतलाल तुरी एवं तालेश्वर तुरी को खेत में धान का बोझा उठाने के क्रम में बिजली करेंट लग गया था जिनका बिरनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया जहाँ से रीतलाल तुरी को राँची रिम्स रेफर किया गया जो अभी रिम्स राँची में इला. जरत हैं। इनके पिता बालो तुरी भी लकवाग्रस्त हैं जिनका भी दवा एवं बच्चों समेत पुरे परिवार का भरण पोषण रीतलाल एवं तालेश्वर तुरी मजदूरी कर चला रहे थे। दोनों को करंट लगने से परिवार भारी संकट के दौर से गुजर रहा है। वहीं दिनांक 30/11/ 2021 को जहाँ बीते दिन पहले घटना घटी




**उपस्थित बगोदर विधायक विनोद सिंह व अन्य**

उसी स्थान पर बिजली करेंट लगने से पेशम हरिजन टोला के ही राजेश तुरी, पिता स्व॰ एतवारी तुरी की मौत हो गई राजेश जिससे उनके परिवार में दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है रा. जेश अपने पीछे विधवा माँ एवं 5 बच्चों को पीछे छोड़ गए हैं। विधायक ने घायलों के माँ और पिताजी का पेंशन एक माह के भीतर स्वीकृत करने का आदेश दिया वहीं मृतक राजेश तुरी 200000/- (दो लाख रुपए) मुवावजे की घोषणा की वहीँ बच्चों के परवरिश के लिए 6000 प्रति माह बच्चों के बालिग होने तक मिलेगा। इंक़लाबी नौजवान सभा, पेशम के टीम ने घर-घर जाकर सहयोग इकठ्ठा किया था जिसमें 4 किंवटल चावल जिसमे ढाई क्विंटल चावल घायलों के परिवार तथा डेढ़ क्विंटल चावल मृतक परिवार को एवं तीनों पीड़ित परिवारों को जिसमे घायल परिवार को एक एक हजार तथा मृतक परिवार को इक्कीस सौ रूपये का आर्थिक सहयोग विधायक के नेतृत्व में किया गया। मृतक के आश्रितो को सरकारी लाभ के लिए विधायक ने दूरभाष पर बिरनी बीडीओ एवं गिरिडीह उपायुक्त से भी बात किया। इलाके में जर्जर बिजली तार एवं खंभों को दुरुस्त करने के लिए बिजली विभाग को आवश्यक दिशा निद. ेश दिया ताकि भविष्य में इस तरह का घटना दुबारा न हो। मौके पर इंक़लाबी नौजवान सभा के जिला कमिटी सदस्य विक्रम आनंद रॉय, जिला परिषद प्रतिनिधि मुस्तकीम अंसारी, भाकपा (माले) जिला कमिटी सदस्य अशरेस तुरी, दिनेश प्रसाद यादव, बलराम राय, सूर्यदेव तुरी, सोनू राय, सूर्यदेव तुरी सोनू राय भुवनेश्वर कोडा, श्रवण तुरी, माथुर तुरी, महेंद्र तुरी, गोपाल तुरी, हरिहर गुप्ता, बद्री राम, प्रदीप वर्मा, संतु चौधरी समेत सैकड़ों लोग उप. स्थित रहे ।

# सद्भावना विकास मंच का पंचायत बेला में बैठक,संघठ्न की मजबूती पर चर्चा



**बेठक मे शामिल सद्भावना विकास मंच के सदस्य**

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

चौपारण : प्रखण्ड के पंचायत बेला में सद्भावना विकास मंच सह पुलिस मित्र की बैठक प्रखण्ड उपाअध्यक्ष मीना देवी की अध्यक्षता में समपन्न हुआ। बैठक का संच. ालन दादपुर पंचायत के अध्यक्ष मंटू कुमार ने किया। बैठक में संघठन की मजबूती पर चर्चा की गई, साथ ही संघठन के उद्देश्यों को ग्रामीणों को बताया। मंटू दांगी ने बताया कि सद्भावना विकास मंच समाज की ऐसी कड़ी है जो किसी भी आपदा व अन्य कार्यो में समाज का सहयोग कर शांति ब्यवस्था में मदद करती है। बैठक में प्रखण्ड उपाध्यक्ष मीना देवी, दादपुर पंचायत अध्यक्ष मंटू कुमार, संजू देवी, मो. निका देवी, कुमारी रंजना, राजेश प्रसाद दांगी, अन्नू कुमारी, सुमन कुमार दांगी, प्रमिला देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी, रूपमति देवी, कुसुम, कुमारी, उदय कुमार, रंजु देवी, कुंती देवी, पूनम कुमारी, राहुल कु साव, किरण देवी, सुरजदेव दांगी, रमेश कु राणा, काजल देवी, रिंकी देवी, साबित देवी, रिंकू देवी, बबिता देवी, सोनी देवी इत्यादि उपस्थित थे।







APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

दुर्गा पूजा एवं दीपावली के शुभ अवसर पर बजाज की पेशकश



DIGITAL LOAN CUM EXCHANGE MELA

THE WORLD'S FAVOURITE INDIAN

खरीदें बजाज मोटरसाईकिल एवं स्क्रेच करें और पाएँ आकर्षक उपहार



Festival Dhamaka

स्क्रेच करें और सुनिश्चित उपहार पायें

SCRATCH HERE

Cash Discount- 300/-

BAJAJ

SHAURYA AUTOMOBILES

Barhi Chowk, Near DVC Konra, Dhanbad Road, Barhi, Hazaribag

Mob.- 7061182890, 7079856924

RAINBOW SCHOOL BARHI

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)







Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum








इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र० कुशवाहा) की कलम से



## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,

शुभ दीपावली



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह



कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

APEM LIVE NEWS सच का साथी

नया विकास नई बात होगी जब क्षेत्र की बागडोर युवा नेतृत्वके हाथ होगी।



श्रीमति दिपिका देवी

भावी मुखिया पद का उम्मीदवार

खोड़ाहार पंचायत



निवेदक

श्री अनिल यादव

समाज सेवी

खोड़ाहार पंचायत

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## चलकुशा प्रखंड में हाथियों का आतंक किसानों को नुकसान

अपेम लाइव : चलकुशा

विक्रम सिंह





चलकुशाः प्रखंड के ग्राम हुसैन नगर में बीती रात हाथियों के द्वारा कासीम मियां पिता स्वर्गीय मकबूल मियां ,हसीना खातून पति इसराइल अंसारी, आमना खातून ऐनुल अंसारी ,सैबूना खातून पति मुस्तकीम अंसारी, का लगभग एक एकड़ में लगे आलू, मटर, अरहर, केला, प्याज फसल को हाथियों के झुंड ने खाकर पूरे फसल को रौंद डाला ।जिससे किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है। जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी ने कहा कि वन अधिकारी हाथियों को भगाने का टीम बुलाकर जल्द से जल्द चलकुशा प्रखंड से बाहर निकाले जिससे किसानों को नुकसान से बचाया जा सके। जिन किसानों की फसल नुकसान हुआ है। उन लोगों को मुआवजा जल्द दिया जाए। उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुसैन नगर का खिड़की तोड़कर हाथियों ने स्कूल में रखे हुए तीन क्विंटल चावल खा गए । प्रधानाध्यापक अनवर हुसैन ने कहा की विद्यालय में रखें चावल हाथियों के झुंड ने खिडकी, और दरवाजा तोड़ कर खा गया। जिससे ग्रामीणों मे दहशत का महौल हैं।

## बरकट्ठा में जेएमएम प्रखण्ड कमिटी का विस्तार हुआ

अपेम लाइव : बरकट्ठा

अजित कुमार



प्रखंड मुख्यालय स्थित बरकट्ठा उत्तरी पंचायत भवन में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा बरकट्ठा प्रखंड कमिटी का विस्तार किया गया है. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मो0 कुदुश और संचालन प्रमोद कुमार गुप्ता के द्वारा की गई ।पार्टी पर्यवेक्षक एवं विशिष्ट अतिथि झामुमो केंद्रीय सदस्य बासुदेव प्रसाद थे. बैठक में झामुमो केंद्रीय सदस्य बासुदेव प्रसाद की उपस्थिति में सर्वसम्मति से झामुमो बरकट्ठा प्रखण्ड कमिटी का मनोनयन कर विस्तार किया गया है प्रखंड अध्यक्ष मो0कुदुश अंसारी, प्रखंड सचिव राजाराम मांझी,कोषाध्यक्ष महेश मुर्मू, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष श्याम प्रसाद साव, सह सचिव निजाम अंसारी मीडिया प्रभारी चन्द्रदीप पांडेय को मनोनीत किया गया सभी मनोनीत अधिकारियों ने दल के प्रति अपनी कर्मठता जताई व दल को जन जन तक पहुचाने का दृढ़ निश्चय किया ।

## पथलगड्डा में आपके अधिकार आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

### सरकार की योजनाओं को जन-जन पहुंचाना उद्देश्य उमाशंकर अकेला

अपेम लाईव : चंदवारा

धीरज कुमार



पथलगड़ा में कार्यक्रम को उद्घाटन करते बरही विधायक व अन्य

प्रखंड के पथलगड़ा पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पथलगड़ा में "आपके अधिकार, आपके सरकार, आपके द्वार" कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जयनारायण रजक की अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला, जिप सदस्य महादेव राम, बीडीओ संजय कुमार यादव, अंचलाधिकारी राम. रतन वर्णवाल उपस्थित थे। शिविर में कल्याणकारी योजना जैसे कि वृद्धा पेन्शन, विधवा पेन्शन, नया राशन कार्ड, राशन कार्ड में त्रुटि कि सुधार, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा कार्ड , प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, कृषि ऋण माफ़ी आदि योजनाओं का आवेदन लिया गया। इस दौरान विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कई जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब योजना से छूटे नहीं इसके लिए राज्य सरकार कड़ाई से अधिकारियों को निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार प्रत्येक गरीबों को राशन कार्ड मुहैया कराएगी। उन्होंने समाज के संपन्न व्यक्तियों से आग्रह करते हुए कहा कि कृपया वो राशन कार्ड ना बनाएं यह योजना गरीबों के लिए है। उन्होंने निवेदन किया कि जिन संपन्न व्यक्तियों का राशन कार्ड बन गया है वो अपना राशन कार्ड सरेंडर करें। ताकि गरीबों का राशन कार्ड बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि अंचल में अगर कोई दाखिल खारिज एवं रसीद काटने में पैसा लिया तो सरकार उसको नापने का काम करेगी। जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में कई लाभुकों को सरकारी लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि शिविर में जमा किए गए आवेदनों पर गम्भीरता पूर्वक विचार करते हुए गरीबों को योजना का लाभ दिलाने का अपील किया। कार्यक्रम के दौरान कई गरीब लाभुकों के बीच कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में बीपीओ मुकुंद श्रीवास्तव, विधायक प्रति. निधि राजकुमार यादव, अज्जू सिंह, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कुंदन सिन्हा, मुखिया उप मुखिया बिनोद यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्णवाल, दामोदर यादव, पंचायत सचिव रंजीत राणा, संतोष राणा, अनिल दास, राजदेव पासवान, अमृत राणा, विनोद पंडित सहित कई लोग मौजूद थे।

## चलकुसा को कोडरमा जिला में शामिल करने को लेकर बैठक

अपेम लाइव : चलकुशा



चलकुसा प्रखंड मुख्यालय के सामने चलकुशा प्रखंड को कोडरमा जिला में शामिल करने की मांग को लेकर एक बैठक का आयोजन अध्यक्षता युवा नेता आलोक सिंह की अध्यक्षता की गई वही संचालन माले नेता अशोक चौधरी के द्वारा किया गया बैठक में मुख्य रूप से तीन मांगे रखी गयी जिनमे (1)चलकुसा को कोडरमा जिला में शामिल करो(2)चौबे रेलवे स्टेशन पर जनसताब्दी ट्रेन का ठहराव (3)मस्केडीह और दशरा होल्ट में ओवरब्रिज का निर्माण सभी मांग को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल स्थानीय सांसद कोडरमा एवं स्थनीय विधायक बरकट्ठा को मांग पत्र सौपेंगे अगर सभी मांगों पर हमारे जनप्रतिनिधियों के द्वारा संतोषजनक आश्वासन नहीं मिला तो आगे जनता खुद जन आंदोलन कर मांग पुरा करेगी इस बैठक में मुख्य रूप से चलकुसा प्रखंड के वरिष्ठ नेता जय देव चौधरी, चलकुसा के पूर्व उपप्रमुख भीखी सिंह,विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, महिला नेत्री सबिता सिंह, कांग्रेस नेता तफ्फजुल हुसैन,अजय सिंह, मोइन अंसारी, सिकंदर अली,पं स स मस. केडीह दाउद अली, बासुदेव साव,गोविंद चौधरी,बासुदेव दास, इंद्रदेव चौधरी,रहमान अंसारी, रामजी चौधरी, करीम मियाँ समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## इंद्रा में जनप्रतिनिधि पत्रकार समाजसेवी व बुद्धिजीवी सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन

अपेम लाइव : चूरचू

अरविन्द टुडू



चुरचू प्रखंड के इंद्रा पंचायत अंतर्गत इंद्रा मेला टांड़ में झारखंड आदिवासी दलित मंच व नेताजी सुभाष चंद्र बोस के संयुक्त तत्वाधान में जनप्रतिनिधि, पत्रकार, बुद्धिजीवी व समाजसेवी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि जिला परिषद सदस्य अग्नेशिया पूर्ति व विशिष्ट अतिथि सीसीएल महाप्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा, कांग्रेस नेता रजी अहमद, इंद्रा मुखिया दशरथ महतो,जरबा मुखिया लक्ष्मी देवी, चनारो मुखिया रेशमी देवी, ऑल संताल स्टूडेंट यूनियन के केंद्रीय प्रवक्ता आनंद सोरेन, दलित मंच के अध्यक्ष महालाल हांसदा ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंद्रा मुखिया दशरथ महतो व संचालन एहतेसामूल हसन व मुनेश्वर राम ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में भव्य तरीके से इक्कावन किलो गेंदा फूल बने माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके अलावे जनप्रतिनिधि ,पत्रकार ,बुद्धिजीवी व समाजसेवियों को झारखंड आदिवासी दलित मंच के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य अग्नेशिया सांडी ने कार्यक्रम सम्बो. धित करते हुए कहा की प्रखण्ड का चहमुखी विकास करवाने के सदैव कृतसंकल्पित हूँ और आगे भी रहने का काम करुँगी। सम्मान समारोह पंचायत चुनाव के लिए रणनीति तय करेगी साथ ही प्रखण्ड का विकास की दरवाजा खोलने का काम करेगा। वही सीसीएल जीएम के द्वारा सौ जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर इंद्रा उपमुखिया राजेन्द्र महतो, वार्ड सदस्य अशोक तुरी ,फागु सोरेन ,निर्मला देवी, जरबा उप मुखिया ईशाक अंसारी, जरबा पुर्व मुखिया राम दुलार साव ,कृष्णा मरांडी ,बसीर अंसारी ,सारिक देवी, संगीता देवी, गीतांजलि देवी,सल्लाउदीन,एनुल अंसारी ,तस्लीम अंसारी ,कोलेश्वर राम ,कामेश्वर भुइयां ,जमाल अंसारी, सुल्तान अंसारी ,नागेश्वर महतो, खुर्सीद अंसारी ,इदरीस अंसारी ,झारखंड आंदोलन कारी दशरथ महतो ,कृष्णा मांझी ,रमेश सोरेन तजम्मुल हुसैन, रुस्तम अंसारी, हाजी सराज साहब ,राजकुमार मुर्मू ,युगुश अंसारी सहित स्थानीय पत्रकार व महिला पुरुष सहित कई लोग मौजूद थे।

## सीसीएल सीएसआर योजना से जरूरतमंद के बिच 30 कम्बल वितरण किया गया

अपेम लाइव : चूरचू

अरविन्द टुडू



कंबल वितरण करते हुए।

हजारीबाग कोयलांचल एरिया के चरही जीएम गेस्ट हाउस में जरूरत मंद के बिच कम्बल वितरण किया गया। बताते चलें कि मंगलवार को सीसीएल गेस्ट हाउस में सीसीएल के सीएसआर योजना के तहत चुरचू प्रखंड प्रमुख अनुश्री देवी के आथो 30 कम्बल का वितरण किया गया। कम्बल गरीब विधवा व आसहायों को कम्बल दे कर आशीर्वाद लिया गया साथ सीसीएल के जीएम स्टाफ निशांत ने कहा कि इस कम्बल के साथ आगे भी सीसीएल के द्वारा आगे भी लोगों को सहयोग किया जाएगा इस क्रम में प्रमुख प्रतिनिधि किशुन महतो चरही मुखिया महादेव सोरेन सहीत दर्जनों लोग शामिल हुए।

APEM LIVE